बाईक एम्बुलेंस सेवा आकस्मिक परिस्थिति में लाभप्रद होगी - डॉ. भारद्वाज

भोपाल12 नवम्बर (ए) भारतीय जनता पार्टी चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉ. लक्ष्य भारद्वाज ने कहा कि पायलट प्रोजेक्ट के रूप में बाईक एम्बुलेंस सेवा की जनता की बढ़ती अपेक्षा और आवश्यकताओं को देखते हुए अनूठा प्रयास होगा। बाईक एम्बुलेंस पर एक प्रशिक्षित स्वास्थ्य कर्मी को लगाया जा सकता है। उसके पास प्राथमिक उपचार का किट रहेगा। आवश्यकतानुसार उपचार मौके पर ही दे सकता है। पीक आवर्स में भीड़भाड के कारण एंबुलेंस जाम में फंस जाती है। बढ़ती मांग समय पर पूरी नहीं हो पाती है। ऐसे में बाईक एंबुलेंस एक बचत वाला प्रभावी विकल्प सिद्ध हो सकता है। बाईक एंबुलेंस के पहुँचने में ज्यादा समय नहीं लगेगा। बाईक एंबुलेंस सुविधा संपन्न होने से दुर्घटनाए आकस्मिकता के 25 प्रतिशत मामलों में खर्च भी कम होगा। मरीजों की प्राण रक्षा की संभावनाएं बढेगी। ऐसा पायलट प्रयास दिल्ली के तीन जिलों में आजमाया जा रहा है। उसके नतीजे इसकी लोकप्रियता का प्रमाण देंगे।

भुबनेश्वर में उनके प्रस्थान के दौरान उपराष्ट्रपति एम.वेंकैय्या नायडु को विदाई देते हुए ओडिशा के राज्यपाल एस.सी. जमीर एवं ओड़िशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक।

राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठक विभाग के सह संयोजक एवं जिला संयोजकों की घोषणा

भोपाल 12 नवम्बर (ए) भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद नंदकुमारसिंह चौहान प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत की सहमति से राष्ट्रीय कार्यक्रम एवं बैठक विभाग के प्रदेश संयोजक कामेश्वर सिंह ने सह संयोजकों एवं जिला संयोजकों की घोषणा की है।

हीरालाल पाटीदार बड़वानी अमित उपाध्याय उज्जैन अर्जुन सिंह नरसिंहपुर अमितेन्द्र नारोलिया नरसिंहपुर श्याम नारायण भोपाल तथा नंदकिशोर पाटीदार देवास को सह संयोजक घोषित किया है। जिला संयोजकों में निलेश यादव इंदौर नगर राकेश पाटीदार धार मुकाम सिंह निंगवाल झाबुआ कपिल मुकाती अलीराजपुर बाबूसिंह परिहार खरगौन अमृत अग्रवाल बडवानी शैलेन्द्र ठाकुर नीमच बहादुर सिंह सोलंकी भोपाल ग्रामीण राजेश नागर रायसेन माधवसिंह चौहान विदिशा हेमंत जोशी राजगढ़ दीपक अग्रवाल होशंगाबाद उदय ठाकुर नरसिंहपुर ध्रुव सिंह चौहान सीधी प्रवीण शर्मा डोली शहडोल एवं हरिनारायण माली भोपाल नगर का संयोजक घोषित किया है।

सोनू माझी स्मृति व्हालीबाल टूर्नामेंट आयोजित

डाबुगां 12 नवम्बर (सन्यूस) डाबुगां ब्लाक मुख्यालय में गत दिवस स्वतंत्रता सेनानी सोनू माझी स्मृति व्हाली बाल टूर्नामेंट आयोजित किया गया।

भेलुआगुड़ा के स्वतंत्रता सेनानी सोनू माझी युवा संघ के व्दारा गत 7 नवम्बर को उक्त व्हालीबाल टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। जिसमें विभिन्न गांवों के 16 टीमों ने भाग लिया। 7 से 9 नवंबर तक आयोजित उक्त टूर्नामेंट में कई मुकाबले हुये। टूर्नामेंट का फायनल मैच स्वतंत्रता सेनानू सोनू माझी व्हालीबाल टीम एवं पिलिका टीम के बीच खेला गया। जिसमें पिलिका टीम के 12 पाइंट के मुकाबले सोनू माझी टीम ने 27 पाइंट हासिल कर जीत दर्ज की।

फायनल मैच के समापन पर पुरस्कार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नवरंगपुर के जिला परिषद उपाध्यक्ष निवेदिता महांती मुख्य अतिथि एवं सांसद प्रतिनिधि एम. आप्पा राव, बीजद ब्लाक अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्र, पूर्व युवा बीजद ब्लाक अध्यक्ष पी. नागाराव, बीजद जिला सचिव एम. बलु राव, अशोक सौरा, पापना रेली आदि सम्मानित अतिथि के रुप में उपस्थित थे। विजेता सोनू माझी व्हालीबाल टीम को 7777 रुपये एवं उप विजेता पिलिका टीम को 5555 रुपये नकद राशि प्रदान किया गया। इसके अलावा कई खिलाड़ियों को व्यक्तिगत पुरस्कार प्रदान किया गया। इस मौके पर स्वतंत्रता सेनानी सोनू माझी युवा संघ के अध्यक्ष कईन किशोर खोसला, उपाध्यक्ष जगबंधु जानी, सचिव खेमेश हरिजन, सह सचिव सुनील माझी, कोषाध्यक्ष कवीर दास नाग आदि उपस्थित थे।

बिजली और डायवर्सन समस्या पर मुख्यमंत्री तल्ख

0 डुमना में विधायकों और अफसरों की ली क्लास, रिपोर्ट तलब

जबलपुर 12 नवम्बर- अधिकारियों का सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था देखना नहीं जनता के तकलीफें से सरोकार रखना भी है। शासन के निर्देशों का पालन हो लेकिन जनता के साथ अन्याय न हो। शासन के ध्यान में बात लाई जाए इसका समाधान होगा। स्थानीय जनप्रतिनिधि भी इस बात का ध्यान रखें कि अगर कोई समस्या है तो उस पर मंथन किया और अपनी राय से अवगत कराएं ताकि जनता के हित में फैसले लिए जा सकें। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दाह बात कल अपने नगर प्रवास के दौरान भोपाल लौटते समय डुमना विमानतल पर अधिकारियों और विधायकों से कही। दरअसल विद्युत कम्पनी की लूट खसोट और अनाप.शनाप बिलिंग और दरों के बाहय मीटर लगाए जाने व जिला प्रशासन द्वारा डायवर्सन शुल्क वसूली को लेकर चलाते जा रहे अभियान को लेकर कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर जनता की तकलीफें की ओर ध्यान आकर्षण कराया गया था उस बीच मुख्यमंत्री ने अपने स्तर पर इन शिकायतों का फीडबैक लिया और स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेने के बाद भोपाल लौटने के पूर्व डुमना विमान तल पर कमिशनर गुलशन बामराए कलेक्टर मत्स्येन्द्र चौधरी को तल्ख लहजे में कहा कि कलेक्टरए कमिशनर का काम सिर्फ प्रशासनिक व्यवस्था चलाना ही नहीं है। इस बीच उन्हें जनता की तकलीफें भी देखना चाहिए और उनके समाधान के लिए शासन से मार्गदर्शन प्राप्त करना चाहिए। डायवर्सन शुल्क की मिली शिकायतों को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि सिर्फ वसूली का लक्ष्य पूरा करना ही लक्ष्य न हो। दाह देखना भी जरूरी है कि जनता के साथ न्याय हो रहा है या नहीं। किसी ने लंबे लंबे भवन ताल लिए हैं उनसे वसूली की जाए लेकिन दाह भी देखा जाए कि भवन की जितनी कीमत नहीं हैए उससे ज्यादा डायवर्सन शुल्क तो नहीं हो गया। पवाकर की उतनी रकम चुकाने की हैसियत है कि नहीं। उसी प्रकार उन्होंने स्थानीय जनप्रतिनिधियों को भी नसीहत देते हुए कहा कि विद्युत कंपनी द्वारा या ठेका कंपनी के काम से लोगों को परेशानी है तो सरकार की संज्ञान में अब तक मामला क्यों नहीं लाया गया। उन्होंने अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से स्पष्ट कह कि 15 तारीख तक इन मुद्दों तक वह अपनी रिपोर्ट उन तक पहुंचाएं। 16 नवम्बर को भोपाल में वे समीक्षा करेंगे और समस्याओं का समाधान का रास्ता खोजा जाएगा।

प्रदेश कार्यालय में सुन्दरकांड पाठ का आयोजन

भोपाल 12 नवम्बर (ए) भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री स्वण् सुंदरलाल पटवा के जन्मदिवस पर प्रदेश कार्यालय पं. दीनदयाल परिसर में सुन्दरकांड पाठ का आयोजन किया गया। पूर्व मुख्यमंत्री कैलाश जोशी सहित पार्टी के वरिष्ठ नेताए जनप्रतिनिधिगण शामिल होकर स्व. पटवा का पुण्य स्मरण किया।

इस अवसर पर सांसद आलोक संजर प्रदेश उपाध्यक्ष विजेश लुणावत प्रदेश शासन के मंत्री सुरेन्द्र पटवा जिला अध्यक्ष व विधायक सुरेन्द्रनाथ सिंह प्रदेश कार्यालय मंत्री सत्येन्द्र भूषण सिंह राजेन्द्रसिंह राजपूत प्रदेश सह मीडिया प्रभारी संजय गोयिन्द खोचे महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती लता ऐलकर रमेश शर्मा गुड्ड भैया रणवीर सिंह रावत सुरजीतसिंह चौहान राजेन्द्र अग्रवाल कामेश्वर सिंह श्रीमती वंदना जाचक श्रीमती सीमा सिंह श्रीमती शशि सिन्हे श्रीमती सुषमा बबीसा अशोक सैनी सुधीर जाचक अंशुल तिवारी श्यामसुन्दर श्रीवास्तव नित्यानंद शर्मा राजकुमार विश्वकर्मा श्रीमती आशा सेंगर धर्मेन्द्र चैहान मनोज राठौर श्रीमती हंसकुवर राजपूत तुलसा वर्मा मोनू गोहिल संतोष हिरवे राजेश जोग्रवानी श्रीमती रीता मिश्रा दीपेन्द्र पाल नितिन दुबे सतीश विश्वकर्मा रंजीतसिंह चैहान मनोज राठौर सहित प्रदेश एवं जिला पदाधिकारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बंधन एक्सप्रेस आरंभ कर प्रधानमंत्री ने भारत बांग्लादेश मैत्री की नई इबारत लिखीः कोठारी

भोपाल 12 नवम्बर (ए) भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता राहुल कोठारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले 3 वर्षों में पास पड़ोस के देशों के साथ मैत्री का लगातार ताना बाना बुना है। भारत और बांग्लादेश के बीच बंधन एक्सप्रेस एक कड़ी है। नरेन्द्र मोदी ने कोलकाता से बांग्लादेश के खुलना के बीच बंधन एक्सप्रेस चलाकर मैत्री की नई इबारत लिखी है। नई टेक्ज सेवा के साथ दो पुलो का भी लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली से कोलकाता में सुश्री ममता बनर्जी और ढाका की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए नई रेल सेवा और पुलों के उद्घाटन में भाग लिया।

उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम के साथ कोलकाता के चितपुर में अंतर्राष्ट्रीय यात्री टर्मिनस का भी शुभारंभ हो गया जिससे यात्रियों को पेट्रापोल में आब्रजन जांच के लिए सुविधा हो गयी है। कोलकाता खुलना और ढाका में ही आब्रजन की जांच और सीमा शुल्क की औपचारिकता पूर्ण हो जायेगी जिससे यात्रियों के समय की बचत होगी। कोठारी ने बताया कि कोलकाता और ढाका के बीच पहली रेल सेवा मैत्री एक्सप्रेस 2009 में आरंभ की गयी थी। बंधन एक्सप्रेस चलाने का समझौता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2015 में किया था जिसे अब पूर्ण कर लिया गया है। बढ़ती मैत्री से परस्पर समस्याओं के समाधान के अनुरूप वातावरण बनेगा और शरणार्थी समस्या के समाधान में भी मदद मिलेगी।

नमामि देवी नर्मदे प्रकल्प के प्रदेश सह संयोजकों एवं जिला संयोजकों की घोषणा

भोपाल 12नवम्बर (ए) भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद नंदकुमारसिंह चौहान प्रदेश संगठन महामंत्री सुहास भगत की सहमति से नमामि देवी नर्मदे प्रकल्प के प्रदेश संयोजक जितेन्द्र जामदार ने प्रदेश सह संयोजकों एवं जिला संयोजकों की घोषणा की है। डॉण् मुकेश मारू भोपाल तथा रणजीत सिंह ठाकुर जबलपुर को प्रदेश सह संयोजक घोषित किया है।

रामबाबू योगी भोपाल ग्रामीण शिवराजसिंह चौहान सीहोर महेश खण्डेलवाल बुरहानपुर बहादुर सिंह भाभीर झाबुआए विकास शर्मा धार शैलेन्द्र सिंह वैश्य ग्वालियर नगर को जिला संयोजक घोषित किया है।

दतिया के पास विकसित हो रहा मोदी नगर

0 जनसम्पर्क मंत्री ने किया सीवर और पाइप लाइन कार्य का शिलान्यास

भोपाल 12 नवम्बर (ए) जनसम्पर्क जल संसाधन और संसदीय कार्य मंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्र ने आज दतिया शहर के समीप चितुवां ग्राम में प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बुनियादी सुविधाओं के कार्यों का शिलान्यास किया। स्थानीय लोगों के सुझाव पर डॉण् मिश्र ने 320 आवासों की कालोनी का नाम मोदी नगर रखने तथा चिरूला से सोनागिर तक सिटी बस का संचालन प्रारंभ करने की घोषणा की।

इस अवसर पर मंत्री डॉण् मिश्र ने एक करोड़ 46 लाख रुपए लागत के मार्ग निर्माण सीवर और पेयजल की पाइप लाइन के कार्यों का भूमि.पूजन किया। उन्होंने विद्युतीकरण के लिए राशि स्वीकृत करते हुए कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। डॉण् मिश्र ने हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के हितलाभ भी वितरित किये।

जनसम्पर्क मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि हर व्यक्ति को उसका अपना घर उपलब्ध कराने के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना में हितग्राहियों को निरूशुल्क भूमि आवंटन और ढाई लाख रुपए की राशि प्रदान की जा रही है। मोदी नगर के लोग नेशनल हाईवे की निकटता का लाभ भी लेंगे तथा पर्यावरण और सौंदर्यीकरण की दृष्टि से यह एक श्रेष्ठ नगर बनेगा। डॉ. मिश्र ने कहा कि चितुवा के मोदी नगर से न्यू कलेक्ट्रेट तक रोड़ डिवाईडर पर सुविधायुक्त स्ट्रीट लाइट भी लगेगी।

जीएसटी परिषद में लिए गए फैसले से उपभोक्ता और व्यापारियों को सुकून - चौहान

भोपाल 12 नवम्बर (ए) भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद नंदकुमारसिंह चौहान कहा कि जीएसटी परिषद की बैठक में लिए गए फैसलों से जहां उपभोक्ताओं को राहत की अनुभूति हुई वहीं व्यापारी वर्ग की भी मुंह मांगी मुराद पूरी होने से विपक्ष के सियासी मंसूबों पर पानी फिर गया है। विपक्ष देश के आर्थिक सुधारों पर कोरी सियासत करके एक वर्ग को आक्रोशित कर असंतोष की लपटों पर सियासी रोटियां सेंकना चाहता था। जीएसटी परिषद ने 28 प्रतिशत टैक्स के स्लेब में आने वाले 228 आइटमों में से 178 को दायरे से बाहर कर राहत प्रदान की है। जिन 18 आइटम पर 18 प्रतिशत टैक्स था उसे 12 प्रतिशत का दायरे में ला दिया है। 6 आइटमों को शून्य की परिधि में डालकर उपभोक्ताओं को दिए गए आश्वासनों पर वित्त मंत्री अरूण जेटली वायदे के पक्के सिद्ध हुए है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री अरूण जेटली ने बार.बार कहा कि सरकार की मंशा देश में आर्थिक सुधार कर भारत को कारोबारी स्पर्धा में एक शक्तिशाली मुल्क बनाना है। तथापि सरकार जनअपेक्षाओं पर हर हाल में खरी उतरेगी। इसी दृष्टि से दरों में दी गयी रियायत केन्द्र सरकार की जनता के प्रति संवेदनशीलता का सबूत है। करों में राहत देकर केन्द्र सरकार ने 20 हजार करोड़ रूपए का अतिरिक्त भार वहन किया है।

चौहान ने कहा कि टैक्स संहिता का अनुपालन सरल करने के लिए भी परिषद ने रिटर्न फाइल करने में उदारता की घोषणा करते हुए समय में वृद्धि करने के साथ अर्थदंड को 200 रूपए प्रतिदिन से घटाकर 50 रूपए कर दिया है। कुल मिलकर जिन रियायतों की जनता और व्यापारी वर्ग को अपेक्षा थी सरकार उन अपेक्षाओं पर खरी उतरी है। लोकतंत्र में जनभावना का सम्मान सफलता की कुंजी होती है।

केरल में हत्याओं के विरोध में अभाविप ने निकाला वैंहुडल मार्च

जबलपुर 12 नवम्बर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् अभाविप जबलपुर महानगर इकाई द्वारा केरल में हो रहीं अभाविप कार्यकर्ताओं की निर्मम हत्या एवं केरल के राष्ट्र भक्त एवं भारत की अखण्डता व एकता की विचारधारा से जुड़ने वाले कार्यकर्ताओं की हत्या लगातार हो रहीं हैं। इन्हीं हत्याओं के विरोध में वामपंथियों व लाल आतंक के खिलाफशनिवार को विद्यार्थी परिषद् ने वैंहडल मार्च निकाला जिसमें परिषद् के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

भोपाल में आगामी फिल्म पदमावती के खिलाफ संस्कृति बचाओ मंच ने विरोध प्रदर्शन किया।

डायबिटीस के घातक प्रभावों से बचने साइकलिंग जागरूकता रैली 14 नवंबर को

जबलपुर 12 नवम्बर । डायबिटीस बिना चेतावनी शरीर के महत्वपूर्ण अंगों एवं सिस्टम पर घातक प्रभाव डालने वाला रोग है। इसकी शुरूआत हमारी गलत लाइफस्टाल से होती है। आँखेंए किडनीए नर्व एवं हार्ट डायबिटीस के निशाने पर है। विशेषज्ञों के अनुसार अधिकांश डायबिटीस ग्रसित मरीजों में सही औषधियों एवं भोजन में नियंत्रण के बाद भी डायबिटीस के घातक प्रभावों की संभावना बनी रहती है और इसका एक महत्वपूर्ण कारण है सही मात्रा में व्यायाम की कमी यह जानकारी डायबिटोलॉजिस्ट डॉ. परिमल स्वामी एवं डॉ विशाल कस्तवार ने पत्रकारों को देते हुए कहा कि पिछले कुछ वर्षों में डायबिटीस के मरीजों में नियमित साइकिल चलाने के लाभों पर गहन वैज्ञानिक अध्ययन किये गये हैं।

इन अध्ययनों से यह सिद्ध हुआ है कि केवल 20 मिनिट प्रति दिन की नियमित साइकलिंग से डायबिटीस की संभावना में कमीए हृदय रोग से 30प्रतिशत तक सुरक्षाए आँखए किडनीए नर्व की बीमारियों से बचाव एवं मृत्यु दर में 20 प्रतिशत तक की कमी पाई गई है। साइकिल चलाने वालों में मानसिक तनाव भी कम हो जाता है। डॉ द्वय ने बताया कि डायबिटीस में नियमित साइकिल चलाने के लाभों के बारे में जागरूकता लाने के लिए 14 नवम्बर विश्व डायबिटीस दिवस पर एक साइकिल रैली का आयोजन आईएमए जबलपुर के तत्वावधान इस जागरूकता अभियान में शहर के प्रमुख चिकित्सकों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ साथ प्रमुख महाविद्यालयों के छात्र छात्राएं भी शिरकत करेंगे।

इस रैली को महापौर श्रीमती स्वाती गोडबोले नगरनिगम चौक से प्रातरू 8 बजे फ्लैगऑफकरेंगी। रैली का समापन समव्वय परिवार भवन में वरिष्ठ चिकित्सक डॉण् राजेश टीरावाणी एवं आईएमए प्रेसीडेंट डॉण् अजय सेठ की उपस्थिति में किया जाएगा। इस अवसर पर प्रथम सौ मरीजों के लिए निरूशुल्क ब्लड शुगर जाँच भी समव्वय परिवार भवन में की जाएगी।